an>

Title: Regarding CBI inquiry on Yadav Singh.

*m01

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर आकर्Âिात करना चाहता हूं, जहां नोएडा में तीन-तीन विभागों के इंजीनियर-इन-चीफ यादव सिंह के यहां रेड होने पर 1000 करोड़ रुपये की काली कमाई का पता चला, लेकिन उस मामले पर लीपापोती करने का प्रयास हो रहा है। सीबीआई इनक्वायरी के लिए प्रदेश सरकार से केन्द्र सरकार ने रिपोर्ट भी मांगी है, लेकिन वह अपने आकाओं से मिलकर रिपोर्ट न भेजे जाने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके पहले भी वह 950 करोड़ रुपये के घोटाले में पकड़ा गया था जिसमें उसने प्रदेश से ही सीवीसीआईडी से इनक्वायरी कराकर उसने अपने आपको बचाने का प्रयास किया था।

मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार इस मामले में सीधा हस्तक्षेप करे और उसकी काली कमाई को जब्त करके, उस पर कड़ी कार्रवाई करे और उसकी सीबीआई इनक्वायरी करने का काम करे।